राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

नई दिल्ली

बुधवार • 4 जनवरी • 2017

16+4 (आधी दुनिया) पृष्ठ, मूल्य ₹ 3.50

कहीं मम्मी तो कहीं पापा काट रहे स्कूलों के चक्कर

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली।

नर्सरी दाखिले को लेकर कहीं पिता अकेले स्कूल के चक्कर काट रहे हैं तो कहीं मम्मी अकेले स्कूल में दस्तक दे रही हैं। वहीं कहीं माता-पिता दोनों ही स्कूल में दाखिले के लिए फॉर्म लेने आ रहे हैं। पीतमपुरा स्थित एमएम

नर्सरी दाखिले के लिए स्कूलों से फॉर्म जुटाने में लगे पेरेंट्स

पब्लिक स्कूल में आवेदन फॉर्म के लिए आई मीना ने बताया कि बच्चे के पिता ऑफिस गए हैं तो वह अकेले अपने बच्चे के दाखिले का फॉर्म लेने आई हैं। वहीं एपीजे पब्लिक स्कूल में दाखिले के बारे में पता करने आए अतुल ने बताया कि दरअसल बच्चे की मम्मी दूसरे स्कूल में फॉर्म लेने गई हैं और वह इस स्कूल में आए ताकि जल्दी काम हो सके। वहीं मॉडर्न पब्लिक स्कूल में बच्चे के माता-पिता दोनों ही पहुंचे थे।

पीतमपुरा स्थित एपीजे पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डीके बेदी बताया कि स्कूल में दाखिले के बारे में पता करने के लिए अभिभावक आ रहे हैं और फोन पर भी बहुत कॉल्स आ रही हैं। बेदी ने बताया कि मंगलवार को करीब 350 अभिभावकों ने आवेदन कब से शुरू होगा, इसके बारे में जानना चाहा। स्कूल की गाइडलाइंस जारी होने के बाद भी दाखिला प्रक्रिया शुरू होगा। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल में अभिभावक सुबह आठ बजे से फॉर्म लेने के लिए पहुंचे थे, लेकिन इस स्कूल में अभी फॉर्म नहीं दिए जा रहे हैं।